पेज थ्री देहरादून
सीएम ने भगवान महावीर स्वामी एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि दी।
देहरादून, शुक्रवार, 15 अप्रैल 2022
पेज 8
हमारा दून




## कार्यालय सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई उपखण्ड, रूड़की।

संख्या–571/ल.सि./निविदा/2021–22 **अल्पकालीन निविदा सं. 01/2022–23** दिनांक: 01/04/2022

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना– हर खेत को पानी (सूजल ) योजनान्तर्गत विकासखण्ड नारसन के निम्नलिखित कार्यों हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से सील बन्द निविदायें (**Percentage Rate Contract**) दिनांक 22.04.2022 को पूर्वाहन 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी या अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा 2.00 बजे अपराहन में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा प्रकाशन की तिथि से निविदा खोलने की तिथि के एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्यालय दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर सहायक अभियन्ता कार्यालय, लघु सिंचाई उपखण्ड, रूड़की से प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | विकासखण्ड | धरोहर धनराशि 3% (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Installation of PV Solar with LT Panels etc. (5.00 HP DC) As Per Benchmark cost MNRE for Group of Laghu & Simant Fammer in **Village-Thoi . (Solar Tube well)** | नारसन | 11000.00 | 500.00+ जीएसटी | 45 दिन | 02 माह | डी एवं उच्चतर |
| 2. | Installation of PV Solar with LT Panels etc. (5.00 HP DC) As Per Benchmark cost MNRE for Group of Laghu & Simant Fammer in **Village-Jhabreda. (Solar Tube well)** | नारसन | 11000.00 | 500.00+ जीएसटी | 45 दिन | 02 माह | डी एवं उच्चतर |
| 3. | Installation of PV Solar with LT Panels etc. (5.00 HP DC) As Per Benchmark cost MNRE for Group of Laghu & Simant Fammer in **Village- Thoi.. (Solar Tube well)** | नारसन | 11000.00 | 500.00+ जीएसटी | 45 दिन | 02 माह | डी एवं उच्चतर |
| 4. | Installation of PV Solar with LT Panels etc. (5.00 HP DC) As Per Benchmark cost MNRE for Group of Laghu & Simant Fammer in **Village-Sikandarpur Mawal. (Solar Tube well)** | नारसन | 11000.00 | 500.00+ जीएसटी | 45 दिन | 02 माह | डी एवं उच्चतर |
| 5. | Installation of PV Solar with LT Panels etc. (5.00 HP DC) As Per Benchmark cost MNRE for Group of Laghu & Simant Fammer in **Village-Thaska. (Solar Tube well)** | नारसन | 11000.00 | 500.00+ जीएसटी | 45 दिन | 02 माह | डी एवं उच्चतर |
| 6. | Installation of PV Solar with LT Panels etc. (5.00 HP DC) As Per Benchmark cost MNRE for Group of Laghu & Simant Fammer in **Village-Aamkhedi. (Solar Tube well)** | नारसन | 11000.00 | 500.00+ जीएसटी | 45 दिन | 02 माह | डी एवं उच्चतर |

निविदा की शर्तेः–

1. धरोहर धनराशि डाकघर बचत पास बुक, एन०एस०सी० किसी राष्ट्रीयकृत बैंक / जिला सहकारी बैंक की एफीव 2/2 सी०डी०आर के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड–हरिद्वार के नाम बनाक हो संलग्न करना अनिवार्य है
2. कार्य की विस्तृत जानकारी एवं अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. योजनाओं पर कार्य की मात्रा घट–बढ़ सकती है तथा निर्माण कार्य के समय विभाग द्वारा ठेकेदार को जो भी दिशा निर्देश दिय जायेंगे उनका नियमानुसार पालन करना अनिवार्य होगा।
4. शासनादेश संख्या 6447/111 (2)/11–20(सं0)/II, दिनांक 02 जनवरी 2013 में निहीत प्राविधान के अनुसार विभागीय दरों से कम दरों पर प्राप्त निविदा स्वीकार करने से पूर्व अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी की एफ०टी०आर०सी०डी०आर के रूप में जमा करानी अनिवार्य होगी।
5. Defect Liability Period सम्बन्ध में प्रमुख सचिव लो०नि०वि० उत्तराखण्ड संख्या–1426/111 (2)/11–20 (सा0) / 11. दिनांक 28 फरवरी 2013 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।
6. क्रमांक 01 से 06 तक के कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री सोलर पैनल पम्प एवं स्टॉर्टर इत्यादि की गाईड लाईन के अनुसार 05 (पांच) वर्ष गारन्टी सहित आई०एस०ओ० प्रमाणित प्रतिष्ठित कम्पनी की होनी अनिवार्य है तथा उनके दिल एवं गारन्टी कार्ड सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई उपखण्ड रूड़की के नाम पर हो जिसकी मूल प्रति कार्यालय में जमा करानी होगी।
7. क्रमांक 01 से 06 तक के सोलर पम्प एवं पैनल सम्बन्धित कार्यों में पांच वर्ष तक फर्म/ ठेकेदार को सर्विस इत्यादि देनी होगी।
8. क्रमांक 01 से 06 तक के सोलर पम्प एवं पैनल सम्बन्धित कार्यों में सोलर कार्य करने का अनुभव अनिवार्य है।
9. निविदा की दरें वर्तमान प्राविधान के अनुसार ठेकेदार द्वारा प्रतिशत दरों में ही मान्य होगी।
10. निविदा फार्म क्रय करते समय विभागीय पंजीकरण प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है तथा ठेकेदार का पंजीकरण निविदा प्रकाशन की तिथि से पूर्व का होना आवश्यक है।
11. निविदा फार्म क्रय करते समय जी०एस०टी० पंजीकरण, पैन कार्ड एवं विभागीय पंजीकरण की छायाप्रति कार्यालय में जमा करनी अनिवार्य है।
12. निविदा फार्म क्रय करते समय कार्य की धरोहर धनराशि की डाकघर बचत पास बुक, एन०एस०सी० किसी राष्ट्रीयकृत बैंक जिला सहकारी बैंक की एफडी०आर०/ सी०डी०आर जो अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड हरिद्वार के नाम बनाको प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी।
13. बिना सील्ड के प्राप्त निविदा प्रपत्रों एवं सशर्त निविदा पर कोई विचार नहीं होगा तथा लिफाफे के ऊपर योजना का नाम एवं ठेकेदार का नाम व पता लिखा जाना अनिवार्य है।
14. निविदों के साथ 100 रु० का नाजुडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक रुपये की रसीदी टिकट पर ठेकेदार के हस्ताक्षर सहित लगाना अनिवार्य है।
15. अनुबन्ध बनाते समय नियमानुसार स्टाम्प शुल्क जमा करना अनिवार्य है।
16. टी०ए०सी०, अथवा अन्य अधिकारियों द्वारा किसी स्तर पर यदि कोई कटौती की जाती है, तो उसे ठेकेदार के देयक से काटा जायेगा।
17. समस्त देयको से नियमानुसार जी०एस०टी०/टी०डी०एस०, रायल्टी लेबर सैस एवं अन्य समस्त शासकीय कटौतियां कर ली जायेगी।
18. यदि शासन स्तर / उच्च स्तर से किसी भी परिस्थिति में कार्य रोकने के आदेश प्राप्त होते हैं तो सम्बंधित ठेकेदार को निर्देशों का पालन करना होगा तथा अवशेष कार्य हेतु ठेकेदार को कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।
19. शासन से बजट / धनराशि उपलब्ध होने पर ही कार्य का भुगतान किया जायेगा तथा बजट अभाव के कारण भुगतान में विलम्ब होने पर देय धनराशि पर ब्याज इत्यादि का कोई दावा मान्य नहीं होगा
20. अधोहस्ताक्षरी के पास निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।

सहायक अभियन्ता,
लघु सिंचाई उपखण्ड, रूड़की।


# विकास के लिए संस्थानों एवं विभागों की भूमिका अहम

**स्थापना दिवस**

■ मुख्यमंत्री ने किया आईआईपी द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को आई.आई.पी मोहकमपुर में भारतीय पेट्रोलियम संस्थान के 63वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि आज बैसाखी, भगवान महावीर जयंती, डा. भीमराव अंबेडकर जयंती तथा आईआईपी स्थापना दिवस है। इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने आईआईपी द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश में जीवाश्म ईंधन से नवीकरणीय ईंधन की ओर बढ़ने की यात्रा में भारतीय पेट्रोलियम संस्थान का अहम योगदान रहा है। आईआईपी के वैज्ञानिकों ने शोध के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। जिसमें प्लास्टिक से डीजल बनाने व जहाजों के लिए बायोफ्यूल बनाने जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियां शामिल हैं। आईआईपी ने ऊर्जा और ईंधन के क्षेत्र में ही नहीं अपितु वैश्विक महामारी के दौरान भगीरथ प्रयास और सेवा से जन–जन के लिए उपयोगी कार्यों सहित अभिनव अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के लाभ का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। संस्थान ने पूरे भारतवर्ष में 108 ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के तीव्र विकास के लिए संस्थानों एवं विभागों की भूमिका भी अहम हो जाती है।

# उत्तराखंड में आयोजित होने वाले मेले हमारी धरोहर: सीएम

**शुभारंभ**

■ सीएम ने वैशाखी एवं पर्यटन मेले का शुभारंभ किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को जनपद रूद्रप्रयाग स्थित विकास खंड जखोली के बधाणीताल पहुंचकर यहां आयोजित वैशाखी एवं पर्यटन मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न घोषणायें भी की जिनमें विकास खंड जखोली के अंतर्गत बरसिर–बधाणी मोटर मार्ग के कि.मी. 32 तक हॉटमिक्स का कार्य (डामरीकरण) किया जाएगा, बधाणीताल पर्यटक आवास बनाने के साथ ही बधाणीताल सौंदर्यीकरण, राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज भीरी का नाम शहीद मुरलीधर सेमवाल के नाम पर करने, जुरानी–ब्यूंग–मैखंडा मोटर मार्ग की स्वीकृति देने के साथ ही जावरी–मोहनखाल मोटर मार्ग को शहीद फतेसिंह के नाम पर रखने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में वैशाखी एवं पर्यटन मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार द्वारा तय किए गए सभी संकल्पों को जल्द ही पूरा किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में आयोजित होने वाले मेले हमारी धरोहर हैं जिनका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।

इस दौरान उन्होंने चारधाम मोटर मार्ग, रेल निर्माण सहित अटल आवास, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, समान नागरिक कानून आदि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

## 'उत्तराखंड के महानायक पुस्तक' का विमोचन

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में "उत्तराखंड के महानायक पुस्तक" का विमोचन किया। यह पुस्तक योगेश कुमार एवं अजित द्वारा लिखी गई है। इस पुस्तक में उत्तराखण्ड के दस महान विभूतियों पंडित बद्री दत्त पाण्डे, गौरा देवी, पंडित गोविन्द बल्लभ पंत, गौरा पंत 'शिवानी', कबूतरी देवी, माधो सिंह भण्डारी, शैलेश मटियानी, श्रीदेव सुमन, तीलू रौतेली एवं वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली के बारे में जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। ऐसे में उत्तराखण्ड की महान विभूतियों के कार्यों एवं उनके योगदान के बारे में लोगों को जानकारी मिले, इस पुस्तक के माध्यम से सराहनीय प्रयास किया गया है। उत्तराखण्ड की धरती ने कई स्वतंत्रता सेनानियों, देशभक्तों, लेखकों और राजनेताओं को जन्म दिया है।


**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।


## कृति सैनन दूर कर रही हैं खांसी–जुकाम से जुड़ी भ्रांतियां

**संवाददाता** देहरादून। खांसी और जुकाम दो सबसे आम बीमारी हैं, जो कई वजहों से हो सकती हैं। आम तौर पर हम इस बीमारी को एक प्रचलित मान्यता से जोड़ देते हैं कि हमारे शरीर को बदलते मौसम के हिसाब से ढलने के लिए समय चाहिए। प्रचलित धारणा यही है कि ये लक्षण आम तौर पर मौसम बदलने के कारण होते हैं और सूप जैसे गर्म तरल पदार्थ पीने से इन्हें ठीक किया जा सकता है।

# भगवान महावीर अहिंसा और त्याग की प्रतिमूर्ति थे

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में भगवान महावीर स्वामी एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह की शिक्षा देने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर जी द्वारा दी गयी शिक्षा समस्त मानव समाज के कल्याण हेतु सदैव पथ प्रदर्शक का कार्य करती रहेगी। भगवान महावीर अहिंसा और त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने अहिंसा को परम धर्म माना और समाज को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. भीमराव बाबा साहेब अंबेडकर एक महान विचारक थे, उन्होंने समाज में सबको समान अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने सामाजिक भेदभाव को दूर करने और समानता का सिद्धात लागू करने के लिए भारतीय संविधान का मार्ग चुना। डॉ. अंबेडकर ने समाज से अस्पृश्यता एवं कुप्रथाओं को मिटाने, समरसता स्थापित करने और पिछड़े तबके को मुख्यधारा में लाने में अहम भूमिका निभाई।

## द बॉडी शॉप ने की बेस्ट–सेलर्स की कीमतों को कम करने की घोषणा

**संवाददाता** देहरादून। ओरिजिनल, एथिकल और एक्टिविस्ट ब्रिटिश ब्यूटी ब्रांड द बॉडी शॉप ने अपने नए किफायती स्ट्रेटेजिक प्लेटफार्म फॉलिंग फॉर यू के लांच की घोषणा की, जिसके जरिए द बॉडी शॉप के सबसे ज्यादा बिकने वाले प्रोडक्ट्स अब भारत में 595 रुपये के फ्लैट प्राइस पर उपलब्ध होंगे।